रोल नं. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

**001**

**201 (HXA)**

# 2018

# हिन्दी

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र के **दो** खण्ड **'अ'** तथा **'ब'** हैं। दोनों खण्डों में पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ii) उत्तर यथासम्भव क्रमवार लिखिए। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड – 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×5 = 10

बहुत ही गहरे इंसान थे कलाम साहब। लोगों के लिए वे अग्नि पुरुष, मिसाइल मैन और न जाने क्या–क्या थे। मगर हमारे लिए वे एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने अपने जीवन में इंसानियत को सबसे ज्यादा तवज्जो दी। वह सच्चाई और शान्ति के साथ किसी भी काम को करने में यकीन रखते थे। वैज्ञानिक होते हुए भी मूल्यों पर भरोसा करते थे। बौद्ध, हिन्दू जैसे दुनिया के तमाम धर्मों में उनकी गहरी रूचि थी। अच्छी सोच होना अलग बात है, मगर उसे अपने जीवन में अमल में लाना बिल्कुल दूसरी बात। मगर कलाम साहब ने अच्छी सोच को अपनी जिन्दगी में उतारा भी। सच्चाई, साफगोई और शालीनता उनकी पहचान थी। दोहरेपन का जीवन तो उन्होंने कभी जिया ही नहीं। बहुत कम समय में ही वह बड़ी ही गहराई के साथ लोगों से जुड़ जाते थे। असफलताएँ उन्हें निराश नहीं करती थीं। वह उनसे सीख कर आगे बढ़ जाते। उनका हर काम जिंदगी को बेहतर करने के लिए था। उनकी सोच जीवन को खुशनुमा बनाने की लिए थी। भले ही उन्होंने मिसाइलें बनाई, मगर उनकी सोच, उनका दिल आम आदमी की जिंदगी की बेहतरी के लिए धड़कता था। उन्हें राष्ट्रपति बनने का कभी दंभ नहीं रहा। बच्चों से मुलाकात के दौरान तो वह खुद बच्चे हो जाते। यही वजह है कि लाखों बच्चों से मिलने में उन्होंने कभी गुरेज नहीं किया। लाखों बच्चों से मिले। भारत के बारे में, जिंदगी के बारे में और समाज के बारे में उनके नजरिये को अपने साथ साझा किया। वे बच्चों की जिज्ञासा और उत्सुकता को शांत करने की कोशिश करते। उनका कहना था– आइए हम अपने आज का बलिदान कर दें ताकि हमारे बच्चों का कल बेहतर हो सके। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कथन है "सपने वो नहीं जो आप सोते समय देखते हैं, सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।" उन्होंने देश को विकसित बनाने का सपना देखा। वह मानते थे कि बिना परिकल्पना के कोई भी देश अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकता। अपनी किताब '21वीं सदी का भारत : नव निर्माण की रूपरेखा' में कलाम साहब ने देश की पहली परिकल्पना भारत की आजादी को बताया था। उनकी दूसरी परिकल्पना विकसित भारत की थी।

(क) कलाम साहब वैज्ञानिक होते हुए भी किन विषयों में रूचि रखते थे ?

(ख) वे असफलताओं से सीख कर क्या करते थे ?

(ग) बच्चों का कल बेहतर बनाने हेतु क्या उपाय बताया है ?

(घ) "सपने वो नहीं जो आप सोते समय देखते हैं, सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।" उक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

2. दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए – 10

(क) उत्तराखण्ड में पर्यटन की संभावना :

(i) पर्यटन का अर्थ
(ii) उत्तराखण्ड के पर्यटन स्थल
(iii) पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाएँ
(iv) पर्यटन की उपयोगिता

(ख) जनसंख्या वृद्धि का संकट :

(i) भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण
(ii) जनसंख्या के अनुपात में घटते संसाधन
(iii) अन्य समस्याएँ
(iv) जनसंख्या नियंत्रण के उपाय





Downloaded from cclchapter.com

3. जनपद स्तर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम क, ख, ग है) 5

अथवा

वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क पौध उपलब्ध कराई जा रही है। आप अपनी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न प्रजाति के पौधे प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम अ, ब, स है)

4. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद छाँटकर उसका भेद लिखिए – 1×2 = 2

(क) बालिका गेंद से खेल रही है।

(ख) मछली तालाब में तैरती है।

यथा निर्देश उत्तर लिखिए – 1×2 = 2

(ग) लता का स्वास्थ्य अच्छा है इसलिए वह दौड़ में प्रथम आई। (समुच्चय बोधक शब्द छाँटकर लिखिए)

(घ) चीता तेज दौड़ता है। (क्रिया विशेषण छाँटकर लिखिए)

5. निम्नलिखित का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – 1×4 = 4

(क) राम द्वारा धनुष तोड़ा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) भरत पुस्तक पढ़ता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) 'मैंने नाश्ता किया और विद्यालय चला गया।' यह निम्न में से किस प्रकार का वाक्य है –

(i) सरल वाक्य (ii) मिश्र वाक्य (iii) संयुक्त वाक्य

(घ) निम्न में से निषेधात्मक वाक्य का चयन कीजिए –

(i) अरे ! तुम आ गए। (ii) वे बाजार नहीं गए। (iii) कौन-कौन आया था ?

6. (क) निम्नलिखित शब्दों में से 'पयोधर' शब्द का अर्थ छाँटकर लिखिए – 1

(i) पर्वत (ii) बादल (iii) समुद्र

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से कौन 'राकेश' शब्द का अर्थ नहीं है – 1

(i) गायक (ii) दिनकर (iii) सुधांशु

7. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक काव्यांश के नीचे दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×2 = 6

(i) हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी ।।

(क) गोपियों के लिए 'हारिल की लकरी' कौन है और किस रूप में ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) गोपियों को 'करुई ककरी' की तरह क्या लगता है और क्यों ?

(ग) गोपियों के लिए 'ब्याधि' का आशय क्या है ?

(ii) धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य !
फिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य !
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और हाथों जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान !

(क) कवि किसकी माँ को धन्य कह रहा है और क्यों ?

(ख) मधुपर्क का लाक्षणिक अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) कनखी मारना; आँखें चार होने का अर्थ बताइये।

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×2 = 6

(क) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष टूट जाने के कौन-कौन से तर्क दिये ?

(ख) 'आत्मकथ्य' कविता में स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ?

(ग) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है ?



Downloaded from cclchapter.com

9. (क) कन्यादान कविता में माँ ने बेटी को क्या–क्या सीख दी ? 2

(ख) 'संगतकार' कविता के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है ? 2

10. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर किसी एक गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×2 = 4

(i) 'शिक्षा' बहुत व्यापक शब्द है। उसमें सीखने योग्य अनेक विषयों का समावेश हो सकता है। पढ़ना–लिखना भी उसी के अंतर्गत है। इस देश की वर्तमान शिक्षा–प्रणाली अच्छी नहीं। इस कारण यदि कोई स्त्रियों को पढ़ाना अनर्थकारी समझे तो उसे उस प्रणाली का संशोधन करना या कराना चाहिए, खुद पढ़ने–लिखने को दोष न देना चाहिए। लड़कों ही की शिक्षा–प्रणाली कौन–सी बड़ी अच्छी है। प्रणाली बुरी होने के कारण क्या किसी ने यह राय दी है कि सारे स्कूल और कॉलिज बंद कर दिए जाएँ ? आप खुशी से लड़कियों और स्त्रियों की शिक्षा की प्रणाली का संशोधन कीजिए। उन्हें क्या पढ़ाना चाहिए, कितना पढ़ाना चाहिए, किस तरह की शिक्षा देना चाहिए और कहाँ पर देना चाहिए – घर में या स्कूल में – इन सब बातों पर बहस कीजिए, विचार कीजिए, जी में आवे सो कीजिए; पर परमेश्वर के लिए यह न कहिए कि स्वयं पढ़ने–लिखने में कोई दोष है– वह अनर्थकर है, वह अभिमान का उत्पादक है, वह गृह–सुख का नाश करने वाला है। ऐसा कहना सोलहों आने मिथ्या है।

(क) शिक्षा का अर्थ लेखक के अनुसार क्या है और उसके दायरे में क्या–क्या आता है ?

(ख) उक्त गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि हमें स्त्री शिक्षा के बारे मे किन बातों पर विचार करना चाहिए ?

(ii) पेट भरा और तन ढँका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है, निठल्ला नहीं बैठ सकता। हमारी सभ्यता का एक बड़ा अंश हमें ऐसे संस्कृत आदमियों से ही मिला है, जिनकी चेतना पर स्थूल भौतिक कारणों का प्रभाव प्रधान रहा है, किन्तु उसका कुछ हिस्सा हमें मनीषियों से भी मिला है जिन्होंने तथ्य–विशेष को किसी भौतिक प्रेरणा के वशीभूत होकर नहीं, बल्कि उनके अपने अन्दर की सहज संस्कृति के ही कारण प्राप्त किया है। रात के तारों को देखकर न सो सकने वाला मनीषी हमारे आज के ज्ञान का ऐसा ही प्रथम पुरस्कर्ता था।

(क) संस्कृत मानव आप किसे समझते हैं ? कुछ उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ख) रात के तारों को देखकर न सो सकने का आशय स्पष्ट कीजिए।

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×2 = 4

(क) फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ?

(ख) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कैप्टन बार–बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था ?

(ग) 'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ?

12 (क) अलगोज़िन भगत के व्यक्तित्व की विशेषताओं का निरूपण कीजिए। 3

(ख) 'संस्कृति' पाठ के अनुसार सभ्यता और संस्कृति में क्या अन्तर है ? 2

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×3 = 6

(क) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चे माता–पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या–क्या यत्न किये ?

(ग) मंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिये।

(घ) हिरोशिमा की घटना को विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग क्यों कहा गया है ? पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड – 'ब'

14. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा त्रीन् प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2×3 = 6

(निम्न गद्यांश को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

चन्द्रगुप्तः मगधदेशस्य नृपः आसीत्। तस्य मन्त्री चाणक्यः आसीत्। तपोधनः सः राजतन्त्रस्य ज्ञाता आसीत्। सः एकस्मिन् उटजे निवसति स्म। सः वैराग्य–भावनया पूर्णः आसीत्। नृपः एकवारं चाणक्याय कम्बलानि दत्तवान्। तानि कम्बलानि निर्धनेभ्यः दातुं नृपः सूचितवान्। चाणक्यस्य उटजं नगराद् बहिः आसीत्। केचन चौराः कम्बलानि अपहर्तुं चिन्तितवन्तः। ते एकदा रात्रौ चाणक्यस्य उटजं प्रविष्टवन्तः।

(क) चाणक्यः कस्य मंत्री आसीत् ? (ख) चाणक्यः कुत्र निवसति स्म ?

(ग) चौराः किं चिन्तितवन्तः ? (घ) चौराः रात्रौ कुत्र प्रविष्टवन्तः ?



Downloaded from cclchapter.com

15. अधोलिखितं पद्यांशं पठित्वा द्वौ प्रश्नौ पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2×2 = 4

(निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं
सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ॥

(क) कम् अपाकरोति सत्संगतिः ? (ख) चेतः का प्रसादयति ?

(ग) सत्सङ्गतिः मानोन्नति किं करोति ?

16. पठित पाठाधारितान् त्रीन प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2×3 = 6

(पठित पाठ के आधार पर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

(क) गंगा कुतः प्रवहति ?

(ख) राजः काम् उज्जहार ?

(ग) दक्षप्रजापतेः पौराणिकी राजधानी कुत्र अस्ति ?

(घ) राजा रघुः कस्य पुत्रः आसीत् ?

17. अधोलिखितेषु शब्देषु यथोचितं शब्दं चित्वा केवलं चत्वारि रिक्त स्थानानि पूरयत – 1×4 = 4

(निम्नलिखित दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर किन्हीं चार वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

**शब्द सूची–** उत्तराखण्डस्य, हंसः, जनाः, सुखस्य, लज्जा, मुनयः

(क) यतो मां ............... गुञ्जया तोलयन्ति। (ख) ................ नीर क्षीर विवेकी भवति।

(ग) हरिद्वारं ................ पावनं नगरम् अस्ति। (घ) दुःखं विना नैव ............... बोधः।

(ङ) ............... शान्ति प्राप्तु हिमालयं गच्छन्ति। (च) इदं श्रुत्वा चोरेषु ................ उत्पन्ना।

18. अधोलिखितेभ्यः यथानिर्देशं केवलं त्रीन प्रश्नान् उत्तरत – 2×3 = 6

(निम्नलिखित प्रश्नों में से निर्देशानुसार किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए)

(क) सन्धिं कुरुत (सन्धि कीजिए) – तथा + एव , नै + अकः

(ख) सन्धि विच्छेदं कुरुत (सन्धि विच्छेद कीजिए) – यद्यपि , इत्यादि

(ग) समास विग्रहं कृत्वा समासस्य नामोल्लेखं कुरुत (समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए) – राजपुत्रः , पीताम्बरः

(घ) अधोलिखितेभ्यः पदेभ्यः उपसर्गान् पृथक्कृत्वा लिखत (निम्नलिखित पदों में उपसर्ग अलग कर लिखिए) – अनपेक्षित , परोपकार

(ङ) कोष्ठके प्रदत्तेषु शब्देषु शुद्धं शब्दं चित्वा रिक्त स्थानानि पूरयत –

(कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

(i) ............... पत्राणि पतन्ति। (वृक्षेण / वृक्षात्)

(ii) राजा ............... सह गच्छति। (सेवकस्य / सेवकेन)

19. निम्नांकित शब्दानाम् आधारेण चतुर्णाम् वाक्यानां निर्माणं कुरुत – 1×4 = 4

(निम्न शब्दों में से किन्हीं चार का वाक्यों में प्रयोग कीजिए)

(क) सन्ति (ख) गमिष्यावः (ग) जिघ्रन्ति (घ) परितः (ङ) सज्जनानाम् (च) अहम्

**अथवा**

अधोलिखित वाक्येभ्यः द्वयोः संस्कृतानुवादं कुरुत – 2×2 = 4

(निम्न वाक्यों में से किन्हीं दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए)

(क) हम दोनों विद्यालय गये। (ख) वे सब खेलेंगी।

(ग) वह पुस्तक पढ़ता है।

*********



Downloaded from cclchapter.com